भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-112**
उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

## स्कूलों को बंद करना या विलय करना

**†112. श्रीमती रचना बनर्जी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) देश में पिछले 10 वर्षों के दौरान बंद या विलय किए गए सरकारी विद्यालयों की वर्षवार और राज्यवार संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार ने इन स्कूलों को बंद करने के कारणों को चिन्हित किया है;
(ग) क्या सरकार ने इन विद्यालयों को पुनः खोलने के लिए कोई कदम उठाए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) देश में गत दस वर्षों के दौरान खोले गए निजी विद्यालयों की राज्यवार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल), शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूली शिक्षा के संकेतकों संबंधी डेटा रिकॉर्ड करने हेतु शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस (यूडाइज़+) तैयार की है। यूडाइज़+ के अनुसार, वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सरकारी स्कूलों की संख्या अनुलग्नक-I में दी गई है।

(ख) से (घ): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और स्कूलों को खोलना, बंद करना और युक्तिसंगत बनाना संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में है। बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 बच्चों को आस-पड़ोस के परिभाषित क्षेत्र या सीमाओं के भीतर प्रारंभिक विद्यालयों तक पहुँच प्रदान करता है। आरटीई अधिनियम की धारा 6 के अनुसरण में, सभी राज्यों ने अपने पड़ोस मानदंडों के क्षेत्र या सीमाओं को अधिसूचित किया है। इसके अलावा, आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 8 में यह भी अनिवार्य किया गया है कि उपयुक्त सरकार प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करेगी और पड़ोस के स्कूलों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

इसके अलावा, केंद्र सरकार समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के माध्यम से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करती है। सरकारी स्कूलों में ड्रॉपआउट को कम करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है, जिसमें वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक नए स्कूल खोलना/सुदृढ़ करना, स्कूल अवसंरचना को सुदृढ़ करना, कक्षा 12 तक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की स्थापना, उन्नयन और संचालन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय नामक आवासीय विद्यालय/छात्रावास की स्थापना, परिवहन भत्ता, नामांकन अभियान चलाना, मौसमी छात्रावास/आवासीय शिविर,

स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा और आईसीटी सुविधाओं का प्रावधान, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और निःशुल्क वर्दी, परिवहन/एस्कॉर्ट सुविधा आदि प्रदान करना, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सहायक सामग्री और उपकरणों के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।

(ङ): यूडाइज़+ के अनुसार, वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक पंजीकृत निजी स्कूलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुलग्नक-II में है।

******

**माननीय संसद सदस्य श्रीमती रचना बनर्जी द्वारा 'स्कूलों को बंद करना या विलय करना' के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 112 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सरकारी स्कूलों की संख्या**

| भारत/राज्य /संघ राज्य क्षेत्र | वर्षवार सरकारी स्कूलों की संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| भारत | 1107101 | 1104796 | 1101371 | 1094543 | 1083747 | 1032570 | 1032049 | 1022386 | 1016010 | 1017660 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 344 | 344 | 344 | 339 | 339 | 342 | 342 | 342 | 342 | 340 |
| आंध्र प्रदेश | 46666 | 44907 | 44700 | 44896 | 45013 | 45115 | 45145 | 45137 | 45167 | 45000 |
| अरुणाचल प्रदेश | 3408 | 3492 | 3459 | 3447 | 3179 | 3056 | 3061 | 2985 | 2922 | 2847 |
| असम | 52927 | 53020 | 53042 | 50965 | 47223 | 47157 | 46749 | 45490 | 44925 | 45008 |
| बिहार | 74291 | 74689 | 74908 | 73528 | 72630 | 72610 | 75555 | 75558 | 75550 | 78120 |
| चंडीगढ़ | 113 | 115 | 116 | 121 | 121 | 121 | 121 | 123 | 119 | 119 |
| छत्तीसगढ़ | 50061 | 47181 | 47216 | 48848 | 48671 | 48547 | 48619 | 48743 | 48728 | 48803 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 299 | 299 | 301 | 300 | 300 | 300 | 407 | 388 | 387 | 360 |
| दमन और दीव | 114 | 119 | 119 | 115 | 112 | 109 | | | | |
| दिल्ली | 2844 | 2828 | 2791 | 2787 | 2784 | 2767 | 2751 | 2762 | 2673 | 2693 |
| गोवा | 906 | 894 | 873 | 846 | 833 | 827 | 821 | 814 | 806 | 789 |
| गुजरात | 34817 | 34891 | 35122 | 35152 | 35202 | 35040 | 34967 | 34699 | 34651 | 34597 |
| हरियाणा | 14630 | 14640 | 14483 | 14450 | 14516 | 14484 | 14563 | 14562 | 14443 | 14374 |
| हिमाचल प्रदेश | 15355 | 15386 | 15489 | 15465 | 15433 | 15398 | 15391 | 15380 | 15447 | 15217 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 23874 | 23834 | 23855 | 23904 | 24080 | 23165 | 23167 | 23173 | 18785 | 18785 |
| झारखंड | 41322 | 41159 | 40014 | 39703 | 35954 | 35931 | 35888 | 35840 | 35764 | 35795 |
| कर्नाटक | 50486 | 50424 | 49883 | 50066 | 50184 | 49834 | 49791 | 49679 | 49520 | 49306 |
| केरल | 5104 | 4792 | 5073 | 4783 | 5011 | 5014 | 5020 | 5010 | 4811 | 4809 |
| लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 913 | 915 | 838 | 841 | 841 |
| लक्षद्वीप | 45 | 45 | 45 | 45 | 45 | 45 | 45 | 38 | 37 | 37 |
| मध्य प्रदेश | 121849 | 121976 | 122880 | 122653 | 122056 | 99411 | 99152 | 92695 | 92741 | 92439 |
| महाराष्ट्र | 67717 | 67629 | 67154 | 66750 | 66033 | 65886 | 65734 | 65639 | 65431 | 65157 |
| मणिपुर | 2372 | 3332 | 3323 | 3037 | 3073 | 2876 | 2878 | 2889 | 2922 | 2934 |
| मेघालय | 7763 | 7775 | 7793 | 7805 | 7802 | 7799 | 7795 | 7783 | 7778 | 7779 |
| मिजोरम | 2592 | 2591 | 2595 | 2582 | 2564 | 2552 | 2558 | 2563 | 2567 | 2587 |
| नगालैंड | 2279 | 2101 | 2097 | 2080 | 2007 | 2011 | 1975 | 1960 | 1954 | 1952 |
| ओडिशा | 58697 | 58740 | 58052 | 56313 | 55483 | 53260 | 50256 | 49072 | 48767 | 48671 |
| पुदुचेरी | 436 | 430 | 424 | 424 | 423 | 422 | 422 | 422 | 422 | 420 |
| पंजाब | 20772 | 20529 | 20568 | 19515 | 19404 | 19377 | 19330 | 19259 | 19245 | 19242 |
| राजस्थान | 70210 | 70961 | 68039 | 66943 | 67607 | 67660 | 68813 | 68948 | 69538 | 70233 |
| सिक्किम | 868 | 870 | 874 | 853 | 854 | 851 | 851 | 864 | 864 | 864 |
| तमिलनाडु | 37911 | 38209 | 38307 | 37634 | 37728 | 37579 | 37589 | 37636 | 37658 | 37672 |
| तेलंगाना | 29268 | 29127 | 29427 | 29845 | 29822 | 30001 | 30015 | 30023 | 29997 | 30022 |
| त्रिपुरा | 4326 | 4322 | 4320 | 4314 | 4309 | 4275 | 4265 | 4262 | 4245 | 4238 |
| उत्तर प्रदेश | 162228 | 162645 | 162927 | 163114 | 163142 | 137638 | 137068 | 137024 | 137003 | 137102 |
| उत्तराखंड | 17753 | 17752 | 17753 | 17629 | 16934 | 16741 | 16651 | 16484 | 16381 | 16201 |
| पश्चिम बंगाल | 82454 | 82748 | 83005 | 83292 | 82876 | 83456 | 83379 | 83302 | 82579 | 82307 |

स्रोत: यूडाइज़, यूडाइज़+

**माननीय संसद सदस्य श्रीमती रचना बनर्जी द्वारा 'स्कूलों को बंद करना या विलय करना' के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 112 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार निजी स्कूलों की संख्या**

| भारत/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वर्षवार निजी स्कूलों की संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| भारत | 288164 | 295059 | 303725 | 322201 | 326228 | 337499 | 340753 | 335844 | 323430 | 331108 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 68 | 68 | 69 | 76 | 72 | 73 | 73 | 72 | 70 | 70 |
| आंध्र प्रदेश | 14269 | 14846 | 14005 | 15787 | 15862 | 16173 | 15792 | 15058 | 15127 | 15232 |
| अरुणाचल प्रदेश | 447 | 465 | 495 | 499 | 503 | 493 | 496 | 503 | 503 | 529 |
| असम | 3554 | 4421 | 4745 | 5593 | 6084 | 6074 | 6045 | 5852 | 5677 | 5725 |
| बिहार | 3284 | 3944 | 4381 | 5647 | 6249 | 7630 | 7923 | 8097 | 8053 | 9167 |
| चंडीगढ़ | 73 | 73 | 73 | 74 | 74 | 74 | 75 | 76 | 77 | 77 |
| छत्तीसगढ | 5701 | 5946 | 6372 | 6667 | 6842 | 7008 | 7131 | 7063 | 6931 | 7153 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 32 | 32 | 33 | 35 | 35 | 42 | 63 | 63 | 63 | 63 |
| दमन और दीव | 22 | 22 | 22 | 24 | 23 | 23 | | | | |
| दिल्ली | 2641 | 2669 | 2682 | 2682 | 2666 | 2652 | 2641 | 2610 | 2570 | 2565 |
| गोवा | 140 | 150 | 152 | 146 | 139 | 138 | 138 | 139 | 140 | 141 |
| गुजरात | 11555 | 11745 | 12502 | 13253 | 13641 | 13898 | 13834 | 13559 | 13387 | 13490 |
| हरियाणा | 6415 | 6612 | 7138 | 7571 | 7913 | 8195 | 8235 | 8261 | 8315 | 8415 |
| हिमाचल प्रदेश | 2614 | 2652 | 2718 | 2829 | 2778 | 2786 | 2753 | 2646 | 2613 | 2607 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 5173 | 5256 | 5374 | 5425 | 5552 | 5585 | 5649 | 5526 | 5407 | 5452 |
| झारखंड | 1431 | 1700 | 1417 | 1393 | 1400 | 1522 | 1542 | 1559 | 1583 | 1634 |
| कर्नाटक | 17331 | 17678 | 18760 | 19645 | 20604 | 20069 | 19915 | 19650 | 19531 | 19542 |
| केरल | 2999 | 3449 | 3260 | 3533 | 3156 | 3282 | 3241 | 3164 | 3095 | 3082 |
| लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 112 | 112 | 112 | 111 | 114 |
| लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 25962 | 26073 | 27190 | 28103 | 29182 | 31201 | 31512 | 30345 | 28047 | 28910 |
| महाराष्ट्र | 16012 | 16845 | 18091 | 19166 | 19400 | 19654 | 19632 | 19268 | 18723 | 18642 |
| मणिपुर | 894 | 927 | 927 | 954 | 1003 | 1015 | 1027 | 1010 | 996 | 1010 |
| मेघालय | 2274 | 2354 | 2318 | 2476 | 2220 | 2198 | 2179 | 2120 | 2121 | 2152 |
| मिजोरम | 971 | 1001 | 1009 | 1035 | 1025 | 1046 | 1050 | 1034 | 1023 | 1064 |
| नगालैंड | 723 | 725 | 734 | 759 | 745 | 746 | 743 | 757 | 762 | 772 |
| ओडिशा | 3350 | 4043 | 4138 | 3959 | 4957 | 6375 | 6393 | 6104 | 6062 | 6042 |
| पुदुचेरी | 263 | 268 | 280 | 276 | 283 | 286 | 286 | 281 | 274 | 282 |
| पंजाब | 7395 | 6825 | 7038 | 8521 | 8495 | 8623 | 8893 | 7978 | 7886 | 7704 |
| राजस्थान | 34066 | 35071 | 35041 | 35936 | 35776 | 36056 | 36023 | 34826 | 34497 | 34729 |
| सिक्किम | 403 | 406 | 439 | 426 | 417 | 407 | 393 | 376 | 368 | 374 |
| तमिलनाडु | 10782 | 10796 | 10862 | 11863 | 12439 | 12382 | 12402 | 12396 | 11969 | 12481 |
| तेलंगाना | 15069 | 12129 | 12573 | 12031 | 11621 | 11688 | 12023 | 12193 | 11707 | 12126 |
| त्रिपुरा | 252 | 287 | 298 | 335 | 343 | 352 | 360 | 363 | 367 | 395 |
| उत्तर प्रदेश | 77330 | 80748 | 83116 | 88571 | 87433 | 93750 | 96741 | 97808 | 92348 | 96635 |
| उत्तराखंड | 5353 | 5331 | 5281 | 5542 | 5519 | 5467 | 5396 | 5225 | 5140 | 5252 |
| पश्चिम बंगाल | 9316 | 9502 | 10192 | 11369 | 11777 | 10424 | 10042 | 9750 | 7887 | 7480 |

स्रोत: यूडाइज़, यूडाइज़+